## कार्यलयः– जिला शिक्षा पदाधिकारी, बांका
## (स्थापना शाखा)

### शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक नियुक्ति हेतु नियोजन इकाईवार आबंटित पद एवं रोस्टर विन्दु की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | नियोजन इकाई का नाम | UR | URF | EBC | EBCF | SC | SCF | BC | BCF | ST | STF | EWS | EWSF | RF | TOTAL | क्षैतिज आरक्षण | | आरक्षण बिन्दु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | दिव्यांगता | क्षैतिज आरक्षण स्वतंत्रता सेनानी | |
| 1 | अमरपुर | 3 | 4 | 1 | 2 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | **19** | दृष्टि दिव्यांगता–1 पद | 0 | 1–19 |
| 2 | बांका | 3 | 4 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | **19** | – | 1 | 20–38 |
| 3 | बाराहाट | 5 | 4 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | **19** | मुक बधिर दिव्यांगता–1 पद | 0 | 39–57 |
| 4 | बेलहर | 5 | 4 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | **23** | चलन दिव्यांगता–1 पद | 1 | 58–80 |
| 5 | बौंसी | 5 | 5 | 2 | 3 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | **23** | मनोविकार दिव्यांगता–1 पद | 0 | 81–103 |
| 6 | चांदन | 3 | 5 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | **23** | दृष्टि दिव्यांगता–1 पद | 1 | 104–126 |
| 7 | धोरैया | 6 | 5 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1 | 1 | **26** | मुक बधिर दिव्यांगता–1 पद | 0 | 127–152 |
| 8 | फुल्लीडुमर | 3 | 3 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | **16** | चलन दिव्यांगता–1 पद | 0 | 153–168 |
| 9 | कटोरिया | 4 | 5 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 1 | 1 | **22** | मनोविकार दिव्यांगता–1 पद | 0 | 169–190 |
| 10 | राजौन | 5 | 4 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | **21** | दृष्टि दिव्यांगता–1 पद | 1 | 191–211 |
| 11 | शंभुगंज | 3 | 4 | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | **20** | मुक बधिर दिव्यांगता–1 पद | 1 | 212–231 |
| 12 | नगर पंचायत अमरपुर | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** | – | 0 | 232–235 |
| 13 | नगर परिषद बांका | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **4** | – | 0 | 236–239 |
| 14 | नगर पंचायत बौसी | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **2** | – | 0 | 240–241 |
| 15 | नगर पंचायत कटोरिया | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | **4** | – | 0 | 242–245 |
| योग :– | | **49** | **50** | **22** | **22** | **19** | **20** | **14** | **15** | **1** | **2** | **12** | **12** | **7** | **245** | **10** | **5** | |

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
स्थापना, बांका

जिला शिक्षा पदाधिकारी
बांका

**बिहार सरकार**
**शिक्षा विभाग**
**प्राथमिक शिक्षा निदेशालय**

**अधिसूचना**

पटना, दिनांक ..............................

संचिका संख्या 7/नियो०–09/2022................/पंचायती राज संस्था एवं नगर निकाय संस्था अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 793 दिनांक 14.05.2020 अंतर्गत दी गयी है। साथ ही, विभागीय अधिसूचना संख्या 1378 दिनांक 17.12.2021 के द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया संबंधी दिशा–निर्देश निर्गत किए गए हैं। इस क्रम में विभागीय पत्रांक 33 दिनांक 18.01.2022 के द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के स्वीकृत 8386 पदों को जिलावार आवंटित किया गया था तथा निदेश दिया गया था कि जिलों के लिए आवंटित पद को विद्यालयवार एवं नियोजन इकाईवार उपावंटित किया जाय।

2. उक्त दिशा–निर्देश के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा समय–सारणी/कैलेण्डर निर्धारित किया जाना है। साथ ही उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन के लिए विहित प्रपत्र तैयार किया जाना है।

3. उक्त के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग से पूर्व सहमति के आधार पर राज्य के मध्य विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक की नियुक्ति हेतु निम्नलिखित समय–सारणी/कैलेण्डर निर्धारित किया जाता है:–

| क्र०सं० | नियोजन से संबंधित गतिविधि | अवधि |
|---|---|---|
| (i) | जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला कार्यक्रम पदाधिकारी का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण (विडियो कॉन्फ्रेन्सिंग द्वारा)। | 30.03.2022 |
| (ii) | नियोजन से जुड़े सदस्यों एवं कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण। | 01.04.2022 |
| (iii) | जिला पदाधिकारी के द्वारा रोस्टर (आरक्षण बिन्दु) का अनुमोदन। | 06.04.2022 तक |
| (iv) | जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालयवार पदों को उपावंटित करते हुए नियोजन इकाई को कोटिवार रिक्त पदों का NIC के पोर्टल पर संसूचन करना। | 08.04.2022 तक |
| (v) | नियोजन इकाई द्वारा रिक्त पदों का NIC के पोर्टल पर प्रकाशन। | 11.04.2022 |
| (vi) | योग्य अभ्यर्थियों द्वारा संलग्न विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्राप्ति की तिथि। | 11.04.2022 से 26.04.2022 तक |
| (vii) | नियोजन इकाई के सदस्य सचिव द्वारा औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन | 29.04.2022 |
| (viii) | मेधा सूची पर आपत्ति (यदि हो तो) प्राप्त करने हेतु उसे जिला के NIC के पोर्टल पर प्रकाशन। | 29.04.2022 |
| (ix) | आपत्ति प्राप्त करने की अवधि | 29.04.2022 से 05.05.2022 तक |
| (x) | प्राप्त आपत्ति के निराकरण के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकार से मेधा सूची पर अंतिम रूप से अनुमोदन प्राप्त करना। | 09.05.2022 |

| | | |
|---|---|---|
| (xi) | अंतिम मेधा सूची का जिला के NIC के पोर्टल पर प्रकाशन। | 09.05.2022 |
| (xii) | जिला स्तर पर आहूत कैम्प में मेधा क्रम से अभ्यर्थियों को आमंत्रित कर उनके प्रमाणपत्र की प्रारंभिक जाँच एवं चयन सूची तैयार करना। | 12.05.2022 |
| (xiii) | कोटिवार रिक्ति के अनुसार चयन सूची का जिला के NIC के पोर्टल पर प्रकाशन करना। | 13.05.2022 |
| (xiv) | चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण | 28.05.2022 |

4. विभागीय अधिसूचना संख्या 1378 दिनांक 17.12.2021 में निहित प्रावधान के अनुरूप मेधा सूची का निर्माण किया जाएगा। जिला स्तर पर कैम्प का निर्धारण जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला पदाधिकारी के परामर्श से किया जाएगा।

5. निर्धारित कैम्प में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थित्व समाप्त मानते हुए उपस्थित अभ्यर्थीगण अंतर्गत अंतिम मेधा सूची एवं रोस्टर बिन्दु को ध्यान में रखकर चयन सूची प्रकाशित की जाएगी।

6. चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व प्रमाणपत्रों की जाँच की जानी है। इससे संबंधित विस्तृत निदेश पृथक रूप से निर्गत किया जाएगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह०/–
**(अरशद फिरोज)**
उप सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक 7/नियो०–09/2022 ................ पटना, दिनांक ..........................

प्रतिलिपिः–सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/महापौर, सभी नगर निगम/सभी जिला पदाधिकारी/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी/अध्यक्ष, सभी नगर परिषद्/सभी नगर पंचायत/कार्यपालक पदाधिकारी, सभी नगर निकाय/प्रमुख, सभी पंचायत समिति/सभी प्रखंड पंचायतराज पदाधिकारी/सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
उप सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक 7/नियो०–09/2022 ................ पटना, दिनांक ..........................

प्रतिलिपिः–राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/सभी सदस्य जिला शिक्षक नियोजन अपीलीय प्राधिकार/आप्त सचिव, माननीय मंत्री शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
उप सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

ज्ञापांक 7/नियो०–09/2022 366 पटना, दिनांक 30/03/2022

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, स्थापना शाखा, बांका

ज्ञापांक 1054 / बांका, दिनांक 31 / 03 / 2022

प्रतिलिपि :–सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि अपने अधिनस्त प्रखंड/नगर शिक्षक नियोजन इकाई को इस पत्र की प्रति उपलब्ध कराते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगें।

प्रतिलिपि:–सभी प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी, सचिव प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई जिला–बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:– सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सचिव नगर पंचायत/नगर परिषद् शिक्षक नियोजन इकाई जिला–बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:–सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला–बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :–जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बांका की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :–जिला पदाधिकारी, बांका की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि :–निदेशक (प्रा0शि0) शिक्षा विभाग, बिहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

31/03/2022

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
स्थापना, शिक्षा विभाग, बांका

31/03/22

जिला शिक्षा पदाधिकारी
बांका

E:\DPO(ESTB)\Manish kumar\Letter - 2022.doc